**प्रेस नोट**
**दिनांक 28.08.2025**

## पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा चलाये गए विशेष अभियान के तहत 103 नफर गैर जमानतीय वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में वांछित व गैर–जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु **कल दिनांक 27.08.2025 को** विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपने–अपने थाना क्षेत्रों में लंबित गैर–जमानती वारंटियों एवं वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करें।

उक्त अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत व अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीमों का गठन कर कार्यवाही की गई। इस विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा कुल 103 गैर–जमानती वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। थाना–वार गिरफ्तारी का विवरण निम्नानुसार है– थाना को0 नगर पुलिस ने 12, थाना को0 देहात पुलिस ने 05, थाना इटियाथोक पुलिस ने 02, थाना खरगूपुर पुलिस ने 09, थाना धानेपुर पुलिस ने 05, थाना छपिया पुलिस ने 05, थाना खोड़ारे पुलिस ने 05, थाना मोतीगंज पुलिस ने 02, थाना मनकापुर पुलिस ने 04 थाना तरबगंज पुलिस ने 12, थाना नवाबगंज पुलिस ने 03, थाना वजीरगंज पुलिस ने 06, थाना उमरीबेगमगंज पुलिस ने 10, थाना को0 कर्नलगंज पुलिस ने 09, थाना परसपुर पुलिस ने 08, थाना कटराबाजार पुलिस ने 05 व थाना कौड़िया पुलिस ने 01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 28.08.2025**

## थाना को0 नगर पुलिस द्वारा छिनैती करने के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे 01 अदद एप्पल कम्पनी का आईफोन मोबाइल बरामद–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0–663/24, धारा 304(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अखण्ड प्रताप सिंह पुत्र रामानन्द सिंह नि0 बहराइच रोड निकट हाण्डी मीट हाउस थाना को0 नगर जनपद गोण्डा को रेलवे स्टेशन निकट सोनी गुमटी रोड के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद एप्पल कम्पन्नी का आईफोन मोबाइल बरामद किया गया।

### घटना का संक्षिप्त विवरण–

दिनांक 27.08. 2025 को लगभग दोपहर 1:00 बजे प्रार्थी कृष्ण प्रताप सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी अनंत हास्पिटल, मारुति चौराहा, थाना कोतवाली नगर, गोण्डा अपने निजी कार्य हेतु बाजार जा रहे थे। जैसे ही वे मारुति चौराहा ओवर ब्रिज के पास पहुँचे, तभी कुछ व्यक्तियों ने पीछे से झपट्टा मारकर उनका कीमती आईफोन मोबाइल झपट्टा मार कर भाग गए। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 28.08.2025 को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा घटना कारित करने के आरोपी अभियुक्त अखण्ड प्रताप सिंह पुत्र रामानन्द सिंह नि0 बहराइच रोड निकट हाण्डी मीट हाउस थाना को0 नगर जनपद गोण्डा को रेलवे स्टेशन निकट सोनी गुमटी रोड के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद एप्पल कम्पन्नी का आईफोन मोबाइल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त–
01. अखण्ड प्रताप सिंह पुत्र रामानन्द सिंह नि0 बहराइच रोड निकट हाण्डी मीट हाउस थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

### अनावरित अभियोग–
01. मु0अ0सं0–663/24, धारा 304(2),317(2) बीएनएस थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

### बरामदगी–
01. 01 अदद आईफोन मोबाइल।

### गिरफ्तार कर्ता टीम–
01. उ0नि0 अंकित सिंह।
02. उ0नि0 सोनू यादव।
03. का0 अमित सिंह।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**